हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 डीएपी खाद की नहीं होगी कमी, एक रैक पहुंचा, दूसरा भी आएगा...



07 स्थाई समाधान के बजाए जुगाड़ से काम चलाने का दंश भोग रही जनता





रहली। रहली में विराजमान नव युवक दुर्गोत्सव समीति कुरयाना।

खबर संक्षेप

जिला शहर कांग्रेस कमेटी करेगी माँ दुर्गा प्रतिमाओं का स्वागत

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के समापन एवं विजयादशमी पर्व पर नगर में निकलने वाली विशाल माँ दुर्गा प्रतिमाओं का भव्य स्वागत एवं अगवानी की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलेश तिवारी ने बताया कि जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन, तीन बत्ती पर 20 अक्टूबर मंगलवार को सभी कांग्रेसजनों की उपस्थिति में विसर्जन के लिए जा रही देवी प्रतिमाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

दीपावली पर कुम्हारों को हाट बाजारों में मिलेगा उचित स्थान

सागर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रतिभा पाल ने दीपावली पर्व पर कुम्हारों को हाट बाजारों में उचित स्थान उपलब्ध कराने तथा उनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं करने के निर्देश दिए हैं। दीपावली पर्व के अवसर पर नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुम्हार समुदाय के परंपरागत शिल्पियों द्वारा मिट्टी की मूर्तियां, दीये एवं सजावटी उत्पाद बनाकर बाजारों में विक्रय किए जाते हैं। यह उनके जीवन का मुख्य आधार है। दीपावली के दौरान मिट्टी की मूर्तियों, मिट्टी के दीपकों, खिलौनों एवं सजावटी सामान को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में उचित स्थान उपलब्ध कराकर विक्रय की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही इन शिल्पियों से किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं की जाएगी तथा मिट्टी की मूर्तियों, दीयों एवं सजावटी सामान के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

सागर। भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर को रविन्द्र भवन सभागार में किया जाएगा। युवा उत्सव में इस वर्ष पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित कुल पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समूह लोकनृत्य में केवल हिन्दुस्तानी शैली मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि के माध्यम से प्रस्तुति मान्य नहीं की जाएगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित तथा क्षेत्रीय भाषा में हो सकते हैं। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर, सागर से आवेदन फार्म प्राप्त कर 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीयन के बिना प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकेंगे। एक प्रतिभागी केवल एक विधा में ही सहभागिता कर सकता है।प्रतिभागी का जिला सागर का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

नियमित कक्षाओं से दूरी और आयोजनों की भरमार पर उठे सवाल

कार्यशालाओं और प्रशिक्षण के शोर में गुम हो रही पढ़ाई, नतीजों ने खोली महाविद्यालयों की पोल

गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राएं सामान्य ज्ञान के आसान सवालों का जवाब देने में भी असफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महाविद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रियां बांटना नहीं, बल्कि उन्हें ज्ञान, विवेक और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण बनाना भी है। लेकिन जब कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राएं सामान्य ज्ञान के आसान सवालों का जवाब देने में भी असमर्थ नजर आएं, तो सवाल केवल विद्यार्थियों की तैयारी पर नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था और महाविद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी खड़े होते हैं। गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं के ज्ञान से जुड़े हालिया घटनाक्रम ने इसी चिंता को सामने ला दिया है। आखिर नियमित पढ़ाई, संगोष्ठियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के बावजूद विद्यार्थियों की शैक्षणिक समझ अपेक्षित स्तर तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है?

आयोजनों की भीड़, कक्षाओं में सन्नाटा

जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में नियमित कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कई जगह कक्षाओं में 30 से 40 प्रतिशत तक विद्यार्थी ही पहुंच रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि शेष विद्यार्थी कहां हैं और उनकी नियमित पढ़ाई की जिम्मेदारी किसकी है? यदि विद्यार्थी कक्षाओं से दूर रहेंगे और पाठ्यक्रम की पढ़ाई प्रभावित होगी, तो बेहतर शैक्षणिक परिणामों की उम्मीद कैसे की जा सकती है?

विडंबना यह है कि महाविद्यालयों में आए दिन किसी न किसी विषय पर संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण या अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों का अपना महत्व है, लेकिन जब उनकी अधिकता नियमित पढ़ाई के समय और व्यवस्था को प्रभावित करने लगे, तो उद्देश्य पर पुनर्विचार जरूरी हो जाता है। सवाल यह नहीं कि आयोजन क्यों हों, बल्कि यह है कि क्या आयोजन विद्यार्थियों की पढ़ाई को मजबूत कर रहे हैं या नियमित कक्षाओं का स्थान लेते जा रहे हैं?

कौशल विकास जरूरी, लेकिन पढ़ाई की कीमत पर नहीं

आज के दौर में कौशल विकास की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता। विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देना समय की मांग है। लेकिन इसके नाम पर विद्यार्थियों को लगातार कई-कई दिनों तक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में व्यस्त रखना और उनकी नियमित कक्षाओं को पीछे छोड़ देना कितना उचित है? विद्यार्थियों ने अपनी रुचि और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर जिन विषयों का चयन किया है, उन विषयों की पढ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यदि 15-15 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है, तो यह भी देखना होगा कि इस दौरान छूटी हुई कक्षाओं की भरपाई कैसे होगी। कौशल विकास तभी सार्थक है, जब वह विषयगत ज्ञान को मजबूत करे, न कि उसे कमजोर करने का कारण बने। पाठ्यक्रम की पढ़ाई और प्रशिक्षण के बीच संतुलन बनाना महाविद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी है।

एक और गंभीर सवाल विद्यार्थियों की भागीदारी को लेकर है। सरकारी आयोजनों में भीड़ जुटाने के लिए महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को बुलाए जाने की शिकायतें और चर्चाएं भी शिक्षा के मूल उद्देश्य पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। विद्यार्थियों की उपस्थिति किसी कार्यक्रम की सफलता का पैमाना हो सकती है, लेकिन उनकी नियमित पढ़ाई की कीमत पर नहीं। महाविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विद्यार्थियों का समय शैक्षणिक हितों के अनुरूप इस्तेमाल हो और उनकी भागीदारी स्वार्थवश नहीं, बल्कि सीखने के वास्तविक उद्देश्य से हो।

जिम्मेदारी तय होगी, तभी सुधरेंगे परिणाम

गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं के सामान्य ज्ञान से जुड़े सवालों के जवाब न दे पाने का मामला एक संकेत है कि शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की जरूरत है। केवल विद्यार्थियों को दोष देकर या कुछ नए कार्यक्रम आयोजित कर देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। नियमित कक्षाओं की निगरानी, विषयवार पढ़ाई की समीक्षा, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की समय पर पूर्णता और सीखने के स्तर का नियमित आकलन जरूरी है। महाविद्यालय प्रबंधन को यह भी देखना होगा कि आयोजित होने वाली प्रत्येक कार्यशाला, संगोष्ठी और प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को वास्तव में क्या लाभ मिला। यदि कार्यक्रमों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन ज्ञान का स्तर अपेक्षित रूप से नहीं सुधर रहा, तो आयोजन व्यवस्था में बदलाव की जरूरत है।

आखिर महाविद्यालयों की पहचान मंचों पर होने वाले आयोजनों, अतिथियों के भाषणों और प्रमाणपत्रों की संख्या से नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के ज्ञान, योग्यता और भविष्य निर्माण से होनी चाहिए। छात्राएं आसान सवालों के जवाब नहीं दे पा रहीं, तो यह केवल उनके लिए शर्मिंदगी का विषय नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था के लिए आत्ममंथन का अवसर है। शिक्षा के मंदिरों में यदि पढ़ाई ही पीछे छूट गई, तो कार्यशालाओं के प्रमाणपत्र और संगोष्ठियों की तस्वीरें विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए पर्याप्त नहीं होंगी।

प्रशिक्षण देने वालों की योग्यता और परिणामों की समीक्षा जरूरी

कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में आमंत्रित विशेषज्ञों की योग्यता, अनुभव और प्रशिक्षण की उपयोगिता का मूल्यांकन भी आवश्यक है। किसी व्यक्ति को केवल व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित कर देना पर्याप्त नहीं है। यह देखना जरूरी है कि उसका अनुभव विद्यार्थियों के लिए कितना उपयोगी है, प्रशिक्षण से उन्हें क्या सीखने को मिल रहा है और उस सीख का व्यावहारिक लाभ क्या है। यदि प्रशिक्षण पर राशि खर्च की जा रही है, तो उसके परिणामों का आकलन भी होना चाहिए। प्रशिक्षकों की शैक्षणिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि की जांच, प्रशिक्षण की गुणवत्ता का मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों से प्रतिक्रिया लेना व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। हालांकि किसी प्रशिक्षक की व्यक्तिगत रोजगार स्थिति के आधार पर उसकी योग्यता तय करना उचित नहीं होगा, लेकिन सार्वजनिक धन से आयोजित कार्यक्रमों में गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना अनिवार्य है।



सुरखी में एसबीआई की नई शाखा का मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किया शुभारंभ

सागर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को सुरखी में भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया। क्षेत्रवासियों की लगभग 15 वर्षों से चली आ रही पुरानी मांग पूरी होने से सुरखी सहित आसपास के 50 से 60 गांवों के लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। शाखा शुरू होने से लोगों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर जाने की आवश्यकता कम होगी। ग्रामीणों, किसानों, व्यापारियों, महिलाओं, बुजुर्गों, विद्यार्थियों और पेंशनधारियों को स्थानीय स्तर पर ही बचत खाते, चालू खाते, जमा-निकासी, धन हस्तांतरण, लॉकर, जनधन खाते और डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही एटीएम सुविधा से 24 घंटे नकदी निकासी संभव होगी। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने कहा कि बैंकिंग सुविधा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैंक केवल लेनदेन का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास की संस्था है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों से कहा कि बैंक कर्मचारी और ग्राहक एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, इसलिए क्षेत्रवासियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करें और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें।



जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर बना चैंपियन

सागर। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मालथौन के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता में शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर की पुरुष टीम ने शानदार एवं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता (चैंपियन) का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के 14 महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की थी। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबलों में महाविद्यालय की पुरुष टीम के ऊर्जावान खिलाड़ियों में पारस लोधी, अनिकेत अहिरवार, खुशाल कोरी, सोहिल अहिरवार, विश्वास सेन, सत्यम यादव, जयदीप साहू, मयंक कोरी, विक्रम जाटव एवं देवांश सिंग ने अद्भुत खेल कौशल, उच्च कोटि की अनुशासनप्रियता और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया। महाविद्यालय की इस गौरवशाली उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं आत्मीय शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और आत्मविश्वास के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा और मेहनत से महाविद्यालय को जो गौरव दिलाया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारियों का कुशल मार्गदर्शन रहा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की ओर से कोच एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दयाराम राजपूत तथा टीम मैनेजर भगवत प्रसाद ने खिलाड़ियों का सतत मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। जिला स्तर पर विजेता का खिताब प्राप्त करने की इस गूंज से संपूर्ण महाविद्यालय परिवार में हर्ष, उल्लास और उत्सव का माहौल है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों, समस्त स्टॉफ और विद्यार्थियों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों और उनके मार्गदर्शकों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

निगमायुक्त ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और दशहरा महोत्सव स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं एडीएम अविनाश रावत ने लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी के दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल और पीटीसी ग्राउंड स्थित दशहरा महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को दोनों आयोजनों में नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बड़ी नदी स्थित विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, टेंट, स्वच्छ पेयजल के लिए पानी के टैंकर तथा आवश्यकता अनुसार नाव और जेसीबी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और विसर्जन कार्य पूरा होने तक संबंधित अधिकारियों को मौके पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा।

इसके बाद पीटीसी ग्राउंड पहुंचकर दशहरा महोत्सव की तैयारियां देखीं। यहां व्यवस्थित मंच, फायर ब्रिगेड, पेयजल और आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि दशहरा महोत्सव में बड़ी संख्या में नागरिकों के पहुंचने की संभावना है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर उनका परीक्षण भी कर लिया जाए।

दुर्गा पंडालों, मंदिरों और गरबा महोत्सवों में पहुंचीं महापौर संगीता सुशील तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नवरात्रि के अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों, प्राचीन मंदिरों और गरबा महोत्सवों में शामिल होकर मां दुर्गा की आराधना की और आशीर्वाद लिया। उन्होंने शहर वासियों की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। महापौर श्री जी महाराज एवं संकल्प फाउंडेशन के गरबा महोत्सव में शामिल हुईं। इसके अलावा सांसद डॉ. लता वानखेड़े द्वारा वैदिक वाटिका में आयोजित वैदिक संस्कृति रास गरबा महोत्सव में बच्चों की गरबा प्रस्तुतियां और धार्मिक झांकियां देखीं। उन्होंने रविशंकर वार्ड स्थित करीब 300 वर्ष पुराने मरई माता मंदिर में आरती की। बड़ा बाजार स्थित गुफा वाली काली जी मंदिर में दर्शन कर केदारनाथ धाम और भूतनाथ जी की झांकियां देखीं। वहीं पुरव्याऊ टोरी के दुर्गा महोत्सव में कंधे वाली काली माता के दर्शन कर आरती में शामिल हुईं। महापौर ने कहा कि नवरात्रि आस्था, शक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं का पर्व है।

परम उर्फ चिक्कू यादव की मौत पर गढ़ाकोटा में चक्काजाम

पुरानी रंजिश में हत्या का आरोप, आरोपियों के मकान गिराने की मांग, विधायक गोपाल भार्गव की समझाइश के बाद खुला जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

दमोह जिले के पथरिया थाना क्षेत्र के सेमरा बुजुर्ग गांव के पास परम उर्फ चिक्कू यादव की मौत के बाद गढ़ाकोटा में सोमवार को आक्रोशित परिजनों और समर्थकों ने मुख्य बस स्टैंड चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उनके मकान गिराने की मांग की। सूचना पर पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर समझाइश दी। पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में बातचीत के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया।

बाइक के सामने कार लगाकर गिराने का आरोप

प्राप्त जानकारी के अनुसार मजगुवां निवासी 35 वर्षीय परम यादव अपने परिवार के साथ शाहपुर थाना क्षेत्र के टड़ा गांव में जीजा के निधन के बाद वहां रुके हुए थे। रविवार शाम वह पत्नी के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे। उनका छोटा भाई अनिल यादव पीछे आ रहा था।

परिजनों का आरोप है कि सेमरा बुजुर्ग के पास कुछ लोगों ने कार बाइक के सामने



लगाकर उन्हें गिरा दिया और धारदार हथियारों से हमला किया। आरोप है कि इसके बाद परम के ऊपर कार चढ़ा दी गई। गंभीर हालत में उन्हें पथरिया स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुरानी रंजिश में वारदात का आरोप

मृतक के भाई अनिल यादव ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उस पर भी हमला करने का प्रयास किया, लेकिन वह जान बचाकर भाग गया। परिजनों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए पिम्मू यादव, छोटू यादव, नरेंद्र यादव, बाबूलाल यादव, वीरेंद्र यादव और नीरज यादव सहित अन्य पर आरोप लगाए हैं। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही आरोपियों की भूमिका और घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी।

आरोपियों के मकान गिराने की मांग

परम यादव की मौत की खबर गढ़ाकोटा पहुंचते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। परिजनों और समर्थकों ने मुख्य बस स्टैंड चौराहे पर चक्काजाम कर दमोह-गढ़ाकोटा मार्ग का यातायात रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ मजगुवां स्थित उनके मकान गिराने की मांग की। मौके पर पहुंचे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की।

घटना की जानकारी मिलने पर विधायक गोपाल भार्गव मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से चर्चा कर उनकी बात सुनी और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए समझाइश दी। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हो गया।

दो पक्षों में विवाद की बात सामने आई : एसडीओपी

रहली एसडीओपी पूजा शर्मा ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। मारपीट की घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामले की परिस्थितियों और संबंधित लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। वहीं, आरोपियों के मकान गिराने की मांग प्रदर्शनकारियों ने की है। पुलिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।



अंबेडकर वार्ड की एकता कॉलोनी में पार्क निर्माण एवं सीसी रोड की मांग

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अंबेडकर वार्ड स्थित एकता कॉलोनी के रहवासियों ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के निवास पर पहुंचकर कॉलोनी के सौंदर्यीकरण, पार्क निर्माण एवं सीसी रोड के निर्माण सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनीवासियों ने क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए पार्क निर्माण, सड़कों के विकास एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। रहवासियों ने कहा कि कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर आवागमन, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण तथा बच्चों और अन्य रहवासियों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

कॉलोनीवासियों ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन से उनकी मांगों पर विचार कर आवश्यक विकास कार्य कराने का आग्रह किया, जिससे एकता कॉलोनी का समुचित विकास एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर जुगल प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह घोसी, बाबूलाल सेन, संजय सोनी, मुकेश सोनी, शैलेंद्र राजपूत, परसराम चौरसिया, शिखर चंद पुरी, सत्यवान विश्वकर्मा, गौरव साहू, गौरीशंकर साहू, हरगोविंद विश्वकर्मा एवं केदार शर्मा, देवेंद्र नामदेव सहित अन्य कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

24-25 अक्टूबर से ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध होने की संभावना

डीएपी खाद की नहीं होगी कमी, एक रैक पहुंचा, दूसरा भी आएगा जल्द: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में रबी सीजन के दौरान किसानों को डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने आपूर्ति व्यवस्था पर निगरानी बढ़ा दी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि डीएपी खाद का एक रैक मंगलवार को पहुंच चुका है, जबकि एक और रैक जल्द आने वाला है। इससे जिले में खाद की आपूर्ति में कमी आने की आशंका नहीं है। उन्होंने खाद की ऑनलाइन बुकिंग में लगने वाले समय की वजह बताते हुए कहा कि रेलवे रैक पहुंचने के बाद खाद को किसानों के लिए ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध कराने में कई प्रक्रियाएं पूरी करनी पड़ती हैं। संभावना है कि 24-25 अक्टूबर से डीएपी खाद पोर्टल पर दिखाई देने लगेगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि बुधवार सुबह उन्होंने मार्कफेड कार्यालय पहुंचकर उर्वरक कंपनी और मार्कफेड के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें इस बात की जानकारी ली गई कि रेलवे रैक आने के बाद खाद को ई-विकास पोर्टल पर प्रदर्शित होने और ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध होने में पांच से छह दिन का समय क्यों लग रहा है। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को समझते हुए संबंधित अधिकारियों से खाद की उपलब्धता और बुकिंग व्यवस्था को लेकर चर्चा की।





पोर्टल पर खाद उपलब्ध होने में क्यों लगता है समय

कलेक्टर के अनुसार, रेलवे रैक पहुंचने के बाद सबसे पहले खाद को उतारकर संबंधित गोदामों या सहकारी समितियों तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद गोदाम या समिति में प्राप्त खाद की वास्तविक मात्रा और स्टॉक की प्रविष्टियां मार्कफेड के आईएफएसएस पोर्टल पर दर्ज की जाती हैं। इसके बाद भारत सरकार के आईएफएमएस पोर्टल पर खाद की प्राप्ति और स्टॉक का मिलान कर आवश्यक प्रविष्टियां पूरी की जाती हैं। इन प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद ही खाद ई-विकास पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध हो पाती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्तर पर खाद की मात्रा का मिलान, स्टॉक की प्रविष्टियां और पोर्टल को अपडेट करने की प्रक्रिया में समय लगता है। इसी वजह से रेलवे रैक पहुंचने के बावजूद खाद की ऑनलाइन बुकिंग शुरू होने में सामान्यतः पांच से छह दिन लग जाते हैं।

छोटे किसान बुकिंग में पीछे न छूटें, प्रशासन की अपील

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि खाद वितरण व्यवस्था में इस बात का विशेष ध्यान रखना जरूरी है कि गांवों के छोटे किसान ऑनलाइन बुकिंग में पीछे न छूट जाएं। उन्होंने किसानों की सहायता के लिए व्हाट्सऐप का उपयोग करने और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालकों के साथ ग्रामीण युवाओं से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवा और सीएससी संचालक छोटे किसानों को ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया समझाने और उसमें मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे खाद की बुकिंग के लिए सुबह 10 बजे निर्धारित समय पर प्रयास करें तथा जरूरत पड़ने पर परिचित ग्रामीण युवाओं और सीएससी संचालकों की सहायता लें। प्रशासन का जोर खाद की आपूर्ति बनाए रखने के साथ-साथ बुकिंग प्रक्रिया को किसानों के लिए आसान बनाने पर है, ताकि रबी सीजन में किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

भीड़ नियंत्रण व यातायात व्यवस्था पर जोर

दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसपी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

दशहरा पर्व पर रावण दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे एवं एसडीएम संस्कृति लिटोरिया के साथ नजरबाग प्रांगण पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आमजन की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दशहरा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं और भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान पुलिस बल सतर्क रहे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। साथ ही, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए भी जरूरी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए गए। एसपी अग्रवाल ने आमजन की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियां निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि भूषण पाठक सहित नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खरो गांव में जुए का कथित वीडियो हुआ वायरल, पुलिस ने बताया वीडियो पुराना

आरोपियों की पहचान कर थाना प्रभारी ने जल्द गिरफ्तारी का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरो में कथित तौर पर जुआ खेले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं, जुए जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो को ग्राम खरो का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि क्षेत्र में जुए जैसी गतिविधियां संचालित हो रही हैं, तो उन्हें रोकने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल



वीडियो की वास्तविकता और उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। मामले को लेकर खरगापुर थाना प्रभारी अंबर सिंह सिकरवार से फोन पर बातचीत की गई। उन्होंने वायरल वीडियो को पुराना बताते हुए कहा कि वीडियो के आधार पर जुआ खेलने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। संबंधित लोगों की पहचान होने के बाद उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि पुलिस जांच में वीडियो की वास्तविकता क्या सामने आती है और कथित तौर पर जुआ खेलने वाले लोगों के खिलाफ कब तक कार्रवाई की जाती है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सहायक अभियंता ने कोतवाली में दिया आवेदन, एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग

विद्युत कार्यालय में सीसीटीवी कैमरों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में सरकारी संपत्ति की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त करने और चोरी किए जाने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। विभाग ने इस घटना को गंभीर मानते हुए संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चोरी गए कैमरों की बरामदगी और विभाग को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई कराने का भी अनुरोध किया गया है।

चोरी करने की हुई घटना

सहायक अभियंता (शहर), मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, टीकमगढ़ की ओर से 16 अक्टूबर को नगर निरीक्षक, थाना कोतवाली को लिखे पत्र के अनुसार, 15 अक्टूबर की रात करीब 10:34 बजे कार्यालय परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाने और चोरी करने की घटना हुई। शिकायत में गुढ़डू कुशवाहा निवासी सागर बायपास, खेत पर स्थित दो दुकानों के समीप टीकमगढ़ का उल्लेख करते हुए उसे घटना से जोड़कर संदेह जताया गया है। पत्र में उसके साथ मौजूद करीब चार-पांच अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता भी संदिग्ध बताई गई है। शिकायत के मुताबिक, पावर हाउस के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा और निगरानी के



लिए लगाया गया सीसीटीवी कैमरा डंडे से प्रहार कर तोड़ दिया गया। इसके अलावा ग्रामीण वितरण कार्यालय की ओर तथा शहर कार्यालय के पीछे परिसर में निगरानी के लिए लगाए गए दूसरे सीसीटीवी कैमरे को भी चोरी कर लिया गया। विभाग का कहना है कि संबंधित स्थान पर कैमरा मौके पर उपलब्ध नहीं मिला। इस घटना से कार्यालय परिसर की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था प्रभावित हुई है।

शराब पीने की मिली जानकारी

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के समय संबंधित स्थान पर कुछ व्यक्तियों के बैठकर शराब पीने की जानकारी मिली है। विभाग ने घटना से पहले की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में संदिग्ध व्यक्तियों की तस्वीरें और उनकी गतिविधियां दर्ज होने की बात कही है। इन फुटेज के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान कर पुलिस विवेचना में उनका उपयोग किए जाने का अनुरोध किया गया है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर सख्त कार्रवाई की मांग बिजली विभाग ने पुलिस से उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज, फोटो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की सुसंगत धाराओं तथा अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। साथ ही चोरी किए गए कैमरों की बरामदगी, घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान तथा विभाग को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। सरकारी कार्यालय में सुरक्षा के लिए लगाए गए निगरानी उपकरणों को नुकसान पहुंचाने और चोरी किए जाने की यह शिकायत गंभीर है। अब मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई पर नजर रहेगी। हालांकि, शिकायत में जिन व्यक्तियों पर संदेह जताया गया है, उनकी संलिप्तता की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

शराब के नशे में बुलेट को लहराते हुए दौड़ा रहा युवक गिरफ्तार

ललितपुर। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान तालबेहट पुलिस ने शराब के नशे में तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से बुलेट चलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक सड़क पर बाइक को लहराते हुए चला रहा था, जिससे राहगीरों और सड़क से गुजर रहे अन्य लोगों की जान को खतरा उत्पन्न हो रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मोटर साइकिल को कब्जे में लेकर सीज करने की कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद पुलिस टीम के साथ कस्बा तालबेहट में शहनाई गार्डन के पास नाले के पुल पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान तहसील की ओर से एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल लेकर आता दिखाई दिया। आरोप है कि वह बाइक को तेज गति से लहराते हुए और लापरवाही पूर्वक चला रहा था। उसकी वाहन चलाने की शैली से मार्ग पर आवागमन कर रहे लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा था। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बाइक सवार को रोककर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम वार्ड नंबर 07 निवासी अभिषेक यादव पुत्र सूरज यादव बताया।

कलेक्टर की दो टूक-100 दिन से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण

सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर सेवा पुस्तिका में दर्ज होगी टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर अब कार्रवाई की जाएगी। शिकायतों के निराकरण में ढिलाई सामने आने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में टिप्पणी दर्ज की जाएगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने लंबित शिकायतों की विभागवार एवं अधिकारीवार समीक्षा करते हुए यह सख्त चेतावनी दी। उन्होंने 100 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में खाद वितरण, भू-अर्जन, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0, स्वामित्व योजना और नगरीय निकायों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

लंबित शिकायतों पर अधिकारियों को फटकार

कलेक्टर श्रोत्रिय ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कम शिकायतों का निराकरण करने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों को समय-सीमा में हल करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है।



इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और उनकी सेवा पुस्तिका में टिप्पणी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने 100 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए सभी जिला अधिकारियों को तत्काल बैठक कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह को सामान्य प्रशासन एवं राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों की विशेष समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से बल्देवगढ़ विकासखंड की खरगापुर तहसील में इसी माह विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर के माध्यम से लंबित राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। वहीं, स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में तेजी लाने के लिए पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों को पटवारियों के सहयोग के लिए तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि योजना से जुड़े कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे हो सकें।

खाद वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर

बैठक में जिले में खाद की उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वितरण केंद्रों पर पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था करने तथा खाद वितरण को सुव्यवस्थित बनाने के लिए विस्तृत फ्लो चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वितरण प्रक्रिया व्यवस्थित हो, ताकि किसानों को खाद प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

ट्राईफेड मेला और संबल योजना की भी समीक्षा

बैठक में जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ ने जिले में आयोजित होने वाले ट्राईफेड मेले से संबंधित गतिविधियों और तैयारियों की जानकारी दी। अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह ने जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित कार्यों एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। वहीं, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, अंजली शर्मा, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ निशांत भूरिया, एसडीएम जतारा नीरज खरे, पीओ डूडा ओमपाल सिंह भदौरिया, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, सीएमएचओ डॉ. अमित चौधरी, जिला लोक सेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीएम आवास 2.0 और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में संचालित ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्थिति और वहां कचरे के निष्पादन की व्यवस्था का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में कचरा संग्रहण एवं निष्पादन व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने दुकानदारों और ठेला संचालकों से संपर्क कर उन्हें जागरूक करने तथा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को खुले में फेंकने से रोकने के निर्देश दिए। कचरे का निर्धारित व्यवस्था के अनुसार संग्रहण एवं निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।

केन-बेतवा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

कलेक्टर ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत चल रहे भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा करते हुए धारा 19 के तहत की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। संबंधित एसडीएम से गांववार प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित भू-अर्जन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को लंबित मामलों का निराकरण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

नालों पर अतिक्रमण के कारण नगरपालिका की भी कई गुना बढ़ी परेशानी

स्थाई समाधान के बजाए जुगाड़ से काम चलाने का दंश भोग रही जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर में जल भराव और पानी निकासी की समस्या अब विकराल रूप लेती जा रही है। अभी तक तो यह समस्या सिर्फ वर्षाकाल में ही देखने को मिलती थी जब बारिश का पानी नालों से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता था। लेकिन अब यह समस्या बिन बारिश के भी देखने को मिलने लगी है। बारिश नहीं होने के बावजूद सड़कों पर नालो का पानी और ओवरफ्लो होकर बहना आम बात हो गया है। इस समस्या से सिर्फ नागरिक ही परेशान नहीं है बल्कि नगर पालिका भी परेशान है।

नगर पालिका के कर्मचारियों को ऐसे नालों की सफाई करने में रोजाना दोगुनी से भी अधिक मशक्कत करना पड़ रही है। मानवीय संवेदनाओं की चिंता किए बगैर सफाई कर्मियों से इस तरह दोगुना और तीन गुना काम कराने वाली नगर पालिका को शायद इस समस्या के स्थाई निराकरण से सरोकार नहीं है क्योंकि यह समस्या जितनी नालों पर हो रहे अतिक्रमण के कारण है उतनी ही जल निकासी की वृद्ध योजना (सीवर लाइन सिस्टम) की ओर से भी मुंह मोड़कर बैठने से निर्मित हो रही है।

इन दिनों ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जाता जब टोड़ी गणेश बाजार में नालों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर नहीं बहता हो। नागरिकों द्वारा नाले ओवरफ्लो होने की सूचना नगर पालिका को देना और नगर पालिका से सफाई कर्मियों का दल आकर बंद नालों को खोलकर दोबारा से सफाई करना रूटिंग प्रक्रिया बन गया है। इस प्रक्रिया में सफाई कर्मियों को अतिक्रमण से पटे नालों के भीतर घुसने के लिए जान जोखिम में डालनी पड़ रही है क्योंकि नालों के ऊपर स्थानीय नागरिकों ने थड़े इत्यादि बनाकर पक्के अतिक्रमण कर रखे हैं। इन अतिक्रमण की वजह से जेसीबी भी इन नालों को साफ नहीं कर पा रही है। मजबूरी में गहरे नालों के भीतर सफाई कर्मचारियों को उतारना होता है सफाई कर्मचारी अपने रूटीन काम से भी दोगुना समय इस नालों की सफाई में रोज व्यतीत कर रहे हैं साथ ही जो मुश्किल श्रम नालों की सफाई में करना पड़ रहा है वह अलग पर इन नालों के ऊपर बने अतिक्रमण हटाने का काम नगर पालिका क्यों नहीं कर रही यही समझ समझ से पर है।



मीरा रमेश गर्ग की परिषद में स्वीकृत सीवर

शहर में जल भराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य मीरा रमेश गर्ग की परिषद ने करीब 100 करोड रुपए के सीवर लाइन प्रोजेक्ट को स्वीकृति दी थी। तब श्योपुर मुरैना जिले के सांसद नरेंद्र सिंह तोमर थे जिन्होंने स्थानीय सांसद की हैसियत से इस समस्या के निराकरण के लिए बड़ी पहल की थी लेकिन मीरा रमेश गर्ग की परिषद का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद इस दिशा में काम आगे नहीं बढ़ सका और जो 100 करोड रुपए की सौगात शहर की पानी भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए तत्कालीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने दिलाई थी वह काम नहीं आ सकी।

सपना साबित हो रहा नालों का एसटीपी से जुड़ना

सीप नदी में प्रवाहित हो रहे 18 गंदे नालों एसटीपी से जोड़कर सीप में प्रवाहित गंदे पानी की समस्या निदान के लिए नगरपालिका ने कदम तो बढ़ाया है लेकिन यह उम्मीदें भोपाल से मंजूरी पर अटकी हुई हैं। हालांकि सकारात्मक खबर यह भी है कि सेवा संकल्प समर्पण अभियान के नोडल अधिकारी के रूप में श्योपुर पहुंचे नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत एस. भोंडवे (आईएएस) द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद इसकी स्वीकृति में आने की बात नगरपालिका प्रशासन कह रहा है लेकिन यह स्वीकृति कभी मिलेगी या नहीं कोई बताने वाला नहीं है। ज्ञात हो कि, एसटीपी के तहत पहला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सलापुरा नहर के पास मुक्तिधाम क्षेत्र में स्थापित किया जाना है। दूसरा प्लांट किलागेट के समीप बनेगा, जबकि तीसरा एसटीपी बंजारा डेम स्थित हनुमान मंदिर के पास प्रस्तावित है। इन तीनों एसटीपी के माध्यम से शहर के अधिकांश नालों का गंदा पानी ट्रीट किया जाएगा, जिससे सीप नदी में पहुंचने वाला प्रदूषण काफी हद तक कम हो जाएगा। लेकिन इससे नालों से ओवरफ्लो होकर बहते पानी कि समस्या हल नहीं होने वाली है।

इनका कहना...

एसटीपी के तहत नालों के पानी से कचरा अलग करने और पानी की अशुद्धता कम करने के लिए चार स्थानों का चयन प्लांट बनाने के लिए किया गया है प्रोजेक्ट बनाकर भोपाल भेज दिया है। शीघ्र स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। जिन भवन मालिकों ने नालो के ऊपर अतिक्रमण किए हुए हैं उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे।

नरेंद्र जाटव
सीएमओ श्योपुर

ढोटी गांव का मामला, जांच में जुटी देहात थाना पुलिस

मायके से ससुराल आते ही नव विवाहिता ने लगाई फांसी, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम ढोटी में एक नव विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी पर झूल गई। हालांकि घटना का पता चलने पर ससुरालीजन तत्काल नव विवाहिता को फांसी के फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे आईसीयू वार्ड में भर्ती करके डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया। लेकिन सोमवार की सुबह इलाज के दौरान नव विवाहिता की मौत हो गई।

खास बात यह है कि फांसी लगाने से कुछ घंटे पहले ही नव विवाहिता अपने मायके से लौटकर ससुराल आई थी और नव विवाहिता का पिता ही उसे ढोटी छोड गया था। पिता के घर से जाने के थोडी दूर बाद ही नव विवाहिता ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। देहात थाना पुलिस ने पीएम के बाद उपरांत नव विवाहिता के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम ढोटी निवासी नव विवाहिता अपसन बैरवा 25 वर्ष रविवार को राजस्थान के खातौली थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुरिया धाबाई स्थित अपने मायके से अपने पिता रामचरण बैरवा के साथ अपनी ससुराल ढोटी आई थी। पिता रामचरण बैरवा अपसन को ढोटी छोडकर प्रेमसर गांव ही पहुंचा था कि उसके पास बेटी के ससुर ने फोन कर दिया कि तुम्हारी बेटी अपसन ने घर के टीनशेड में लोहे की एंगल से लटककर फांसी लगा दी,हम उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर जा रहे है। इधर अपसन को उसके ससुरालीजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उस तत्काल आइसांयू वाड म भतां करके उसका इलाज शुरू कर दिया। रातभर आईसीयू वार्ड में भर्ती बनी रही नव विवाहिता अपसन बैरवा की सोमवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। देहात थाना पुलिस ने नव विवाहिता के पिता रामचरण बैरवा निवासी रामपुरिया धाबाई थाना खातौली राजस्थान की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लिया और पीएम के उपरांत शव उन्हें सौंप दिया है।



तीन साल पहले हुई थी शादी

पुलिस के मुताबिक संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाने से मृत हुई नव विवाहिता अपसन बैरवा की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी और उसके वर्तमान में दो साल का बेटा भी है और वह रविवार को हंसीखुशी अपने पिता के साथ ससुराल आई थी। इसके बाद उसने आते ही फांसी क्यों लगा ली,यह लोगो की समझ से परे बना हुआ है। इस मामले में देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि फिलहाल पीएम के उपरांत शव को परिजनो को सौंप दिया है और मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। जांच के दौरान जो स्थिति सामने आएगी,उसके मुताबिक पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

पुलिस ने रोका कलेक्ट्रेट के भीतर प्रवेश से तो सड़क पर दिया धरना

पहले गाया राष्ट्रगान फिर जलाया पुतला, नाटकीय रहा कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर रैली निकाली और प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां कलेक्ट्रेट के भीतर पहुंचे कांग्रेसियों ने पहले तो सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया फिर पुतला फूंक दिया। जिसे प्रशासन की सजगता से जलने से पहले ही बुझा दिया गया और अपने कब्जे में ले लिया। इससे पहले कांग्रेसियों को पुलिस ने कलेक्ट्रेट के भीतर प्रवेश करने से पहले ही गेट लगाकर रोक दिया जिससे नाराज होकर विधायक बाबू जंडेल सहित कांग्रेसियों ने सड़क पर धरना दिया।

बाइको के माध्यम से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसियों को वहां पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने गेट लगाकर कलेक्ट्रेट के भीतर प्रवेश करने से रोक दिया और गेट के बाहर से ही ज्ञापन सौंप देने की बात कही गई लेकिन कांग्रेसी नेताओ की गेट के भीतर जाकर ज्ञापन देने पर बहस हुई जिसके बाद कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और सड़क पर धरना देकर बैठ गए। बाद में शांति के साथ ज्ञापन देने की सहमति बनी तो कांग्रेसी गेट खोलकर भीतर आ गए। लेकिन ज्ञापन देने के बजाय पहले कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय गान रजन गण मनऱ गाया और उसके बाद अचानक छुपाया हुआ पुतला जलाना शुरू कर दिया लेकिन नजर पढ़ते ही पुलिसकर्मियों ने पुतला छिना लिया और फायर ब्रिगेड की बौछार से जलने से बचा लिया इस दौरान तीन ज्ञापन दिए गए जिसमें पहला ज्ञापन ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा देने का था, दूसरा जिले में सभी पात्रता में आने वाले वन ग्रामो को राजस्व ग्राम घोषित करने का था। तीसरा ज्ञापन ओबीसी आरक्षण को 27 फीसद कराने के लिए सरकार से सुप्रीम कोर्ट में अच्छी पैरवी करवाने की थी। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता नेता मौजूद रहे।



नौ कुंडीय यज्ञ के साथ संपन्न अतुल राय का किया सम्मान



श्योपुर। मोतीकुई के पास स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर नौ दिन से चल रहे नवरात्रि महोत्सव का समापन नौ कुंडीय यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्यासपीठ पर विराजमान चौथमल शर्मा ने विधि-विधान पूर्वक यज्ञ कार्य संपन्न करवाया। इस अवसर पर विभिन्न देवों को आहुतियां प्रदान कर विश्व शांति की कामना की गई। इस दौरान सारे गा मा पा जैसे राष्ट्रीय स्तर के विख्यात कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाले गायक अतुल राय का सम्मान भी किया गया।आयोजन के लिए आमंत्रित पुरुषोत्तम पाराशर गुना ने देव मंच का पूजन किया इस दौरान जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष कुंजबिहारी सर्राफ तथा दीप पूजन गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान ने किया। संगीत टोली में टोली नायक गिर्राज सोनी, बाबूलाल सेन व मोहित सोनी ने सुमधुर स्वर में प्रज्ञा गीतों का गायन कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर जी टीवी के कार्यक्रम सारेगामा में अपने स्वर का जादू बिखेरने वाले श्योपुर के युवा गायक अतुल राय का गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन कैलाश पाराशर व जिला समन्वयक चौथमल शर्मा ने शाल , श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा संगीत के क्षेत्र में और प्रगति कर श्योपुर का नाम रोशन करने हेतु शुभकामनाएं दी। यज्ञ के उपरांत भोजन प्रसादी में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित

किसानों को रबी सीजन में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए:शीला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

किसानों को रबी सीजन के लिए सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें, जिले में कुल 91 हजार 244 रकबे में नहरो एवं तालाबों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में चंबल नहर, सहित आवदा कैनाल एवं जिले में स्थापित अन्य लघु सिंचाई योजनाओं के माध्यम से किसानों को उनकी मांग अनुरूप पानी उपलब्ध कराया जायें। यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में सांसद प्रतिनिधि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरीशंकर मीणा, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर शिवलाल शाक्य, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन चैतन्य चौहान, उप संचालक कृषि आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि वर्तमान में पानी की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन आगामी वर्षो की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जायें और किसानों को कम पानी की फसलों के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने अपील की कि धान कटाई के दौरान ट्रेक्टर-ट्रॉलियों अथवा अन्य वाहनों को खेत तक लाने-ले जाने के लिए छोटी नहर शाखाओं को क्षतिग्रस्त न करें, बल्कि छोटी नहरों पर बने पुलियाओं के माध्यम से ही आवागमन सुनिश्चित किया जायें। इस दौरान उन्होंने चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना अंतर्गत कृषि विभाग के समन्वय से सिंचित क्षेत्र में जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिये। साथ ही सिंचाई के लिए स्प्रीकंलर सिस्टम का उपयोग किये जाने हेतु किसानों को प्रेरित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से पराली प्रबंधन के संबंध में भी अपील की है,



चंबल नहर में कोटा बैराज से छोड़ दिया गया पानी

बैठक में कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान ने बताया कि गांधी सागर, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर, कोटा बैराज बांध पूर्ण क्षमता के साथ भरे हुए है, इससे चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा। कोटा बैराज से चंबल नहर में 18 अक्टूबर को पानी छोड दिया गया है। श्योपुर जिले में इस नहर से 78 हजार 665 हेक्टयर एरिया में सिंचाई होती है। उन्होने बताया कि मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत वर्तमान में आवदा बांध में 45 एमसीएम पानी पूर्ण क्षमता के साथ भरा हुआ है। इस नहर से 7 हजार 555 हेक्टयर रकबे में सिंचाई होती है, इसी प्रकार जिले में लघु सिंचाई अंतर्गत 21 तालाब तथा 3 स्टॉप डैम है, जिनसे 5 हजार 24 हेक्टयर में सिंचाई की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने सिंचाई कर समय पर जमा कराने की अपील की गई, इसके तहत प्रति हेक्टयर 350 रूपये की राशि जमा करने का प्रावधान है

शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन,आज मनेगा विजयादशमी पर्व

घर घर हुए कन्याभोज, आज चल समारोह के साथ होगा देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को दुर्गा नवमी के चलते घर-घर में कन्याभोज आयोजित हुए। लोगों ने कन्याभोज कराने के लिए सुबह से ही उन घरों पर बुलावा भेज दिया जहां पर कन्याएं थी। जगह जगह कन्याभोज आयोजित होने की वजह से लोगों को भोज कराने के लिए कन्या नही मिल रही थी ऐसे लोग रास्ते में भोज कर जा रही कन्याओं की मान मुनब्बल कर उन्हें भोज के लिए घर लाते देखे गए।

नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर्व पर भक्तों का रेला देवी मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों में उमड़ता रहा। सुबह से शुरू हुआ हवन-पूजन का दौर शाम तक चलता रहा। नवरात्र महोत्सव के दौरान शहर के गांधी पार्क, छारबाग, चंबल कॉलोनी, पडित पाड़ा, जोशी मोहल्ला, कॉलेज के सामने, मुक्तिनादनगर, आनंद नगर, वार्ड क्रमांक 10, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, सलापुरा आदि स्थानो मां के दरबारों में नवमी पर कन्या भोज कराए गए। नवमी को मां के दर्शनों के लिए देर रात तक मां के दरबारों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। इसके साथही शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन हो गया। मंगलवार को विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा, इस अवसर पर देवी प्रतिमाओं को सुसज्जित वाहन में विराजित कर विसर्जन के लिए चल समारोह के साथ विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा।



विजयपुर में हुआ माता प्रतिमाओं का विसर्जन



विजयपुर में शारदीय नवरात्रि पर्व के नवें दिन सोमवार को चल समारोह के साथ देवी प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया। नगर में निकाले गए चल समारोह से नगर का माहौल धर्ममय हो गया। चल समारोह में देवी के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आतिशबाजी और रंग गुलाल उड़ाते पुरुष-महिलाएं और युवा भक्तिगीतों की मस्तीभरी धुनों पर झूमते-नाचते चल रहे थे। महिलाओं ने मां के भजनों पर नृत्य किया। वहीं कई भक्तों ने आरती उतारकर चल समारोह का स्वागत किया। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन से पूर्व मां भगवती के दरबार में रविवार की रात हवन पूजन और सुबह कन्याभोज आयोजित किए गए।

आज मनेगा दशहरा,52 फीट का रावण तो 45 फीट का होगा मेघनाद



श्योपुर में इस साल 50 वां दहशरा उत्सव मनाया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विजयादशमी उत्सव समारोह समिति श्योपुर के द्वारा दी जानकारी के अनुसार हर साल की भांति इस साल भी विजयादशमी उत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। भगवान श्री राम की यह शोभायात्रा शहर के टोडी गणेश बाजार स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होगी। शोभायात्रा में हजारों लोग उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के जयघोष लगाते हैं। शोभायात्रा में राम और रावण की सेना की चलित झांकी भी खासा आकर्षण का केन्द्र होगी। खास बात यह है कि इस बार शोभायात्रा में पंचमुखी हनुमान और महादेव की झांकी भी सजाई जाएगी। वहीं घोडी नृत्य भी रहेगा। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत होगा। यह शोभायात्रा श्री रामतलाई हनुमान मंदिर होते हुए मेला मैदान में पहुंचेगी। जहां रावण दहन होगा। इस बार रावण का पुतला 52 फीट और मेघनाद का पुतला 45 फीट ऊंचा होगा। विजयदशमी उत्सव समारोह में कलेक्टर शीला दाहिमा, मुख्य अतिथि तथा एसपी मोतीउर रहमान, विधायक बाबू जण्डेल, नगर पालिका अध्यक्ष रेनु सुजीत गर्ग विशिष्ट अतिथि होंगे। रावण दहन को देखने के लिए बडी संख्या में लोग उमडेगे।उधर पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई है।

विवाद के दौरान घायल हुए चार लोगों में से एक की हालत गंभीर,कोटा रेफर

ईछनाखेड़ली में विवाद चली तलवार और लाठियां, मर्डर की खबर से मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ईछनाखेडली में बीती शाम को एक पक्ष ने एक राय होकर दूसरे पक्ष के लोगों पर लाठी डंडो और तलवार से हमला कर दिया। इस विवाद को देखकर गांव के किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी कि विवाद के दौरान मर्डर हो गया है। इस सूचना के बाद हडकंप मच गया और आनन फानन में मानपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए,जहां मर्डर की सूचना कोरी अफवाह निकली। लेकिन विवाद के दौरान चार लोग घायल मिले। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल करा दिया,जहां से एक घायल को हालत गंभीर होने के कारण कोटा के लिए रैफर कर दिया गया है। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने दो महिलाओ समेत पांच लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को ग्राम ईछनाखेडली में अशोक बैरवा और बंटी बैरवा के बीच हुआ विवाद पिछले दिनों जयपुर में हुई कहासुनी की बात को लेकर हुआ है। बता दे कि यह दोनो पक्ष जयपुर में काम करते है,जहां दोनो पक्ष के लोगो के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी कहासुनी को लेकर बंटी बैरवा के पक्ष के लोगो ने एक राय होकर अशोक बैरवा के परिवार के लोगो की लाठी डंडे और तलवार से मारपीट कर दी। इस दौरान अशोक बैरवा, उसका पिता रामस्वरूप, चाचा मांगीलाल तथा भाई सुशील बैरवा घायल हो गए। जिनमें रामस्वरूप बैरवा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मर्डर नहीं हुआ

ईछनाखेडली में मर्डर की सूचना कोरी अफवाह निकली। वहां दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था,जिसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए थे। जिनमें एक को गंभीर हालत होने पर रैफर किया गया है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सतीश दुबे
थाना प्रभारी, मानपुर

जेसीआई के मनोज अध्यक्ष, वैभव बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था जैसीआई की नवीन कार्यकारिणी के लिए रविवार को निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित हुई जिसमें संपूर्ण कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्व सम्मति से किया गया। कार्यकारिणी में मनोज कुमार बंसल को अध्यक्ष एवं वैभव राठौर को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वर्ष 2027 की कार्यकारिणी गठन के लिए आयोजित की गई निर्वाचन प्रकृया में मनोज कुमार बंसल को अध्यक्ष, वैभव राठौर उपाध्यक्ष संगठन, जोधराज राठौर उपाध्यक्ष सामुदायिक विकास, विपिन बंसल को उपाध्यक्ष व्यक्तित्व विकास, जतिन वर्मा सचिव, राजू गोयनर को कोषाध्यक्ष, उमेश बिंदल को सहसचिव एवं जेसी ललित अग्रवाल को जनसंपर्क अधिकारी बनाया गया।



खबर संक्षेप



तीर्थ जैन का सिंधिया ने किया सम्मान

अशोकनगर। प्रतिभा अपने आप बोलती है, बात हो रही है, आठ वर्ष के तीर्थ जैन की, जो सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल्य के भांजे हैं। इस छोटी से उम्र में वह वुशू के खेल में स्टेट में दो गोल्ड,1 सिल्वर अर्जित कर चुके हैं। अब नेशनल वुशु चैंपियनशिप हेतु मध्यप्रदेश टीम में चयनित किया गया है। युवा संवाद में कई खेल प्रतिभाओं को पुरूस्कार प्रदान किए गए जिसमें तीर्थ जैन को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस संबंध में तीर्थ जैन केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा पूछे जाने पर सुविधाओं के बारे में बताया कि अंकल प्रैक्टिस में गिरने पर चोट लग जाती है, हमारे पास मैट नहीं है। इस मैट की सुविधा को खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि खिलाड़ियों का भविष्य बेहतर हो सके।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालसा कॉलोनी निवासी राहुल सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहवाजपुर निवासी धर्मेन्द्र कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अथाईखेड़ा निवासी अरबिंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमित और अजय कोरी ने राजीनामा के लिए दबाव बनाया और उससे मारपीट की।

डरा धमकाकर 1 लाख रूपए की मांग, न देने पर मारपीट

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम घुरवार कला निवासी चन्द्रभान जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जगभान जाटव ने उसका रास्ता रोककर डराया, धमकाया और 1 लाख रूपए की मांग की न देने पर उससे मारपीट की गई। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

कुए में डूबने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी फूल सिंह पुत्र बृजभान सिंह आदिवासी उम्र 28 साल की साकुलाल आदिवासी के कुए में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

साड़ी खरीदी और 45 लाख रुपए के चेक देकर धोखाधड़ी की गई

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थो की पुलिस ने विजयावाड़ा आंध्रप्रदेश के दो अज्ञात व्यक्तियों पर 45 लाख 69 हजार 749 रूपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला दर्ज किया है। चंदेरी के वार्ड क्रमांक 2 निवासी विजय कोली जेआरवी फैशन एवं सूर्या टेक्टाइल विजयावाड़ा आंध्रप्रदेश के परी हेण्डलूम चंदेरी के यहां से 31 मई से 13 अगस्त के बीच साड़ी खरीदने के बाद चेक प्रदान करने वाले अज्ञात व्यक्ति हैं।

तीसरा स्थान गरबा महोत्सव में प्राप्त करने पर सम्मान किया गया

अशोकनगर। रजवाड़ी रास गरबा महोत्सव में पंजाबी महिला समिति की सदस्यों द्वारा गरबा नृत्य करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसमें पुरस्कार के रूप में 3100 नगद एवं शील्ड प्राप्त हुई। इस प्रकार का आयोजन नवदुर्गा के त्यौहार मे गरबा करके हमारी नौ देवी की शक्तियों का रूप नृत्य के रूप में प्रस्तुत करके परस्पर प्रेम एवं धार्मिक आस्था को प्रदर्शित किया जाता है। इसमें सभी मेंबर्स द्वारा पूरे जोश एवं उमंग के साथ गरबा किया।

दक्षिण कोरिया से चौथी बेटी का फोन आया तब पुलिस मौके पर पहुंची

दो बेटियों के बाद तीसरी बेटी ने भी फांसी लगाकर की खुदकुशी

पिता समझ रहा था बेटी किचिन में रोटी बना रही है, 24 घंटे शव फांसी के फंदे पर लटका रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। यहां घर की चार बेटियों में से 2 बेटी पहले ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर चुकी हैं, तीसरी बेटी ने भी फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बेटी का शव 24 घण्टे से फांसी के फंदे पर लटका रहा, पिता समझ रहा था बेटी घर के किचिन में रोटी बना रही है। लेकिन मामले का खुलासा तब हुआ जब दक्षिण कोरिया से चैथी बेटी का फोन भोपाल पुलिस को पहुंचा, वहां से डायल 112 अशोकनगर को सूचना दी गई, तब पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया।

दक्षिण कोरिया से चौथी बेटी ने फोन लगाया, तब पुलिस पहुंची

यह पूरा मामला विनीत टॉकीज के पास निवासरत चांद खां के परिवार का है, 102 वर्षीय हाजी चांद खां की चैथी बेटी शवाना ने दक्षिण कोरिया में शादी की है वहां से उसने अशोकनगर में अपनी बहन रूखसाना को फोन लगाया लेकिन जब उसका फोन नहीं उठा, तब उसे शंका हुई फिर उसने कई बार



फोन लगाया हर बार ऐसा ही हुआ, तब उसने भोपाल पुलिस को डायल 112 के कंट्रोल रूम को सूचना दी, वहां अशोकनगर डायल 112 को सूचना दी गई,जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब देखा कि चांद खां की पुत्री रूखसाना उम्र 26 साल फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी जब पिता से पूछताछ की गई, तब पिता ने कहा कि वह किचिन में खाना बना रही होगी, पिता को पता नहीं था कि उसकी बेटी फांसी लगा चुकी है। 24 घण्टे बाद रूखसाना के शव को फांसी के फंदे से उतारा गया।

चांद खां की दो बेटियां पहले भी लगा चुकी हैं फांसी

102 वर्षीय चांद खां की बड़ी बेटी मलका 13 वर्ष पहले फांसी लगा चुकी है, जिसके बाद



10 साल पहले मुमताज भी फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुकी है, अब तीसरी बेटी ने फांसी लगाकर जान दे दी। चांद खां के परिवार में 4 बेटियां थी जिनमें 3 बेटी फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुकी हैं। चैथी बेटी दक्षिण कोरिया में है। अब उसके परिवार में चांद खां के अलावा कोई नहीं है जो एक बेटी है वह दक्षिण कोरिया में है।

चांद खां की चार शादियां हुईं

चांद खां के जीवन के कहानी भी अलग है, चांद खां की चार शादियां हुईं, पहली पत्नि बच्चे न होने से छोड़कर चली गई, दूसरे पत्नि भी छोड़ गई, तीसरी पत्नि की मौत हो गई थी, चैथी जिस महिला से शादी की थी वह 3 बच्ची लेकर साथ में आई थी, एक बच्ची के पिता स्वयं चांद खां हैं।

दो साल पहले मना चुके हैं अपना 100वां जन्मदिन

चांद खां दो साल पहले अपना 100वा जन्म दिन खेजरा गांव में मना चुके हैं। अशोकनगर में उनका एक मार्केट विनीत टॉकीज के पास हैं जिसमें 5 दुकानें हैं और खुद की कृषि भूमि भी है। काम करने के दिनों में चांद खां रेडियों की दुकान भी चला चुके हैं। उक्त घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में जमा हो गए। जिस कमरे में फांसी में लगाई गई थी उस कमरे में पहले स्प्रे किया गया, बाद में शव को फांसी के फंदे से उतारा गया, पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

इनका कहना है...

चांद खां की बेटी रूखसार खान ने 24 घण्टे पहले अपने घर की किचिन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भोपाल में डायल 112 के कंट्रोल रूम को दक्षिण कोरिया से उनकी चैथी बेटी द्वारा फोन किया गया था, वहां से सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी, जिसके बाद शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। दो बहनें पहले भी आत्महत्या कर चुकी हैं।

रवि प्रताप सिंह चौहान, टीआई सिटी कोतवाली

चांद खां का मार्केट है उसमें कई दुकाने हैं पहले मेरी भी दुकान थी, उनकी दो बेटियां मलका और मुमताज पहले फांसी लगा चुकी हैं, दो साल पहले चांद खां ने अपना 100वां जन्म दिन मनाया था। उनकी बेटी ने दक्षिण कोरिया से फोन किया तब पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई है। चांद खान की चार शादियां हुई थीं। यह चैथी पत्नि की संताने हैं।

पड़ौसी अलीम खान डीजे संचालक

पुलिस की तत्परता से परिवारजनों से मिलाया

झांकियों में परिवार के साथ आए दो बालक गुम हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीती रात शहर में झांकिया देखने के लिए आए ईसागढ और अशोकनगर में दो परिवारों के बच्चे अलग अलग स्थानों से अपने परिवार से बिछुड गए थे। जिसकी जानकारी परिवार जनों द्वारा पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने दोनों बालकों को सकुशल उनके परिवारजनों से मिलाया।

17 अक्टूबर 2026 की रात्रि लगभग 11.30 बजे शहर हाथी दरवाजा पर यातायात व्यवस्था हेतु ड्यूटी पर तैनात यातायात आरक्षक संजीत कुशवाह को एक बालक रोता हुआ मिला। बालक की पहचान कान्हा कुशवाह, पिता अशोक कुशवाह, निवासी ब्राइट कॉलोनी के रूप में हुई। वह अपने माता-पिता के साथ नवदुर्गा झांकियों के दर्शन करने आया था, इसी दौरान भीड़भाड़ में अपने परिवार से बिछड़ गया था। यातायात आरक्षक संजीत कुशवाह द्वारा बालक को शांत कर उसके माता-पिता का नाम एवं निवास स्थान जानने का प्रयास किया गया, लेकिन घबराहट के कारण बालक स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा था। ऐसी स्थिति में यातायात आरक्षक संजीत कुशवाह ने थाना



कोतवाली की चीता मोबाइल में ड्यूटी कर रहे आरक्षक पवन धाकड़ के साथ मिलकर बालक द्वारा बताए गए स्थानों के आधार पर उसके घर तक पहुंचने का प्रयास किया।

इसी प्रकार थाना ईसागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माता-पिता से बिछड़े एक बालक को मात्र 4 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। उल्लेखनीय है कि बालक के बिछड़ने की सूचना प्राप्त होते ही थाना ईसागढ़ पुलिस ने तत्परता से उसकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन एवं आवश्यक पूछताछ कर बालक को सकुशल खोज निकाला और आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने बच्चे को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली ।

रामेश्वरम स्थापना और लंका प्रस्थान का हुआ भव्य मंचन

श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला में विभीषण शरणागति

अशोकनगर। स्थानीय सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा आयोजित रामलीला के 12वें दिन की लीला का मंचन रात्रि 9 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रामायण, भगवान गणेश, भगवान श्रीराम-लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आरती के साथ हुआ। आरती दशहरा शक्ति समिति के अध्यक्ष राव देशराज सिंह, जय मंडल यादव एवं उनके साथियों द्वारा की गई।

लीला के प्रथम प्रसंग में हनुमान जी माता सीता की खोज की सूचना लेकर भगवान श्रीराम के पास पहुंचते हैं। माता सीता का समाचार मिलने के बाद भगवान श्रीराम अपनी सेना के साथ लंका की ओर प्रस्थान करते हैं। समुद्र के किनारे पहुंचकर विशाल जलराशि को पार करने की चिंता सामने आती है। इसी बीच लंका में रावण को श्रीराम की सेना के समुद्र तट तक पहुंचने की सूचना मिलती है। रावण की पत्नी मंदोदरी उसे समझाने का प्रयास करती हैं, लेकिन अहंकार में डूबा रावण उनकी बात नहीं मानता। इसके बाद रावण अपनी सभा में बैठता है, जहां उसका भाई विभीषण उसे भगवान श्रीराम से वैर त्यागकर माता सीता को सम्मानपूर्वक वापस लौटाने की सलाह देता है। विभीषण की उचित सलाह से क्रोधित होकर रावण उसे अपमानित कर लात मारकर लंका से निष्कासित कर देता है।

इसके बाद विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं। भगवान श्रीराम उनकी शरणागति स्वीकार करते हुए उन्हें अपने पक्ष में शामिल कर लेते हैं और भविष्य में लंका का राजा घोषित करते हैं। यह प्रसंग धर्म, शरणागत की रक्षा और अधर्म के विरुद्ध खड़े होने का संदेश देता है। लीला के अगले प्रसंग में रावण अपने दूतों को श्रीराम की सेना की गतिविधियों का पता लगाने के



लिए भेजता है। गुप्त रूप से सेना में शामिल होकर जानकारी जुटाने वाले दूतों को पकड़ लिया जाता है और लक्ष्मण जी के माध्यम से उन्हें संदेश दिया जाता है। वापस लौटकर दूत रावण को श्रीराम की सेना की तैयारियों की जानकारी देते हैं। रामलीला में रामेश्वरम की स्थापना, वानर सेना के साथ समुद्र पार कर, लंका की ओर प्रस्थान करने का दृश्य दिखाया गया।

इन कलाकारों ने निभाई प्रमुख भूमिकाएं

रामलीला में भगवान श्रीराम की भूमिका आर्यन शर्मा, लक्ष्मण की सुमित श्रीवास्तव, हनुमान जी की सत्येंद्र रघुवंशी, रावण की प्रदीप चैधरी, मेघनाद की राज नारायण चैधरी, विभीषण की वीर सिंह जाट, सुग्रीव की शिव कुमार शर्मा, जामवंत की सतीश शर्मा तथा अंगद की भूमिका भव्यांश शर्मा ने निभाई। वानर सेना के पात्रों में धैर्य शर्मा, वेदांत शर्मा, कनिष्का शर्मा एवं आदित्य शर्मा ने अभिनय किया। कथा वाचन एवं सुंदर चैपाइयों का गायन कथावाचक चंद्रमोहन मिश्रा ने अपने मुखारविंद से किया। संगीत पक्ष में राकेश पाठक ने सुंदर संगीत प्रस्तुत किया, जबकि तबले पर लाला पटेल ने संगत दी।

रावण का पुतला पिंक कलर का, कुंभकरण गोल्डन और मेघनाथ सिल्वर कलर का होगा

दशहरा पर्व पर आकर्षक आतिशबाजी के साथ होगा पुतलों का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दशहरा पर्व पर इस बार रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले नई पोशाक में नजर आएगें। पिछले कई वर्षों से इन पुतलों को नीला रंग देकर बनाया जा रहा था, लेकिन इस बार तीनों पुतले एक रंग के न होकर अलग अलग रंग के होगें। इस बार लंकापति रावण का पुतला पिंक कलर का होगा,कुम्भकरण के पुतले का कलर गोल्डन कलर नजर आएगा, और मेघनाथ के पुतले का कलर सिल्वर होगा।

दशहरा उत्सव समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ जयमण्डल यादव सहसचिव तेजेंदिन्दर खुराना और हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अशोकनगर में दशहरा उत्सव की शानदार परंपरा रही है। इस बार भी इस परंपरा के चलते रावण कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। इन पुतलों के निर्माण का काम पूरा हो गया है आयोजन स्थल पर इस बार व्यापक तैयारियां की गई है। रावण के पुतले को 50 फीट का तथा सिर 5 फिट का बनाया गया है, इसी प्रकार कुंभकरण के पुतले को 25 फुट का बनाया गया है तथा मेघनाथ का 11 फुट का पुतला बनाया गया है। इन तीनों पुतलों के निर्माण के साथ आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। इस बार दूधिया और रंगीन रोशनी के नजारे इस दशहरा मैदान पर देखने मिलेंगे। यहां बड़ी संख्या में शहर और गांव के लोग शामिल



होते हैं इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि होंगे।

पुतला निर्माण कर रहे चुन्नीलाल माहौर के छोटे पुत्र रामचरण माहौर ने बताया कि इस बार इन पुतलों का निर्माण पिछले एक माह से किया जा रहा है, इन पुतलों का निर्माण वह पिछले 13 साल से कर रहे हैं, और 40 साल तक इन पुतलों का निर्माण उनके पिता कर चुके हैं। उन्होंने मोची बाबा से पुतला बनाने का काम सीखा था, 53 साल पहले मोची बाबा पुतले का निर्माण करते रहे। अशोकनगर में पिछले 80 सालों से दशहरा उत्सव मनाया जा रहा है। इसकी शुरूआत पृथ्वीराज बत्रा, गुडलक परिवार के द्वारा की गई थी। जब से यह परंपरा लगातार जारी है, इन पुतलों का निर्माण करने के लिए सामग्री रामचरण माहौर के अनुसार उन्हीं को लाना पड़ती है। यह पुतले बांस, ताव,अखबार सुतली पुरानी साड़ियां आदि किया जाता है। सामग्री और मेहनत उन्हीं की रहती है। समिति द्वारा जो भी राशि दी जाती है उसे हम स्वीकार कर लेते हैं।

अशोकनगर में दशहरा पर्व के लिए कोई स्थान नहीं है इस कारण दशहरा पर रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले मोहरी के स्टेडियम में गल्ला मंडी के समीप दशहरा पर्व के रूप में इनका दहन किया जाता है। विजयादशमी पर एक चल समारोह भी निकाला जाएगा जो गयाप्रसाद कलाकार मण्डल सुभाषगंज से आयोजन स्थल की ओर रवाना होगा। भगवान राम और रावण की सेनाएं रथों पर सवार होकर आयोजन स्थल पर पहुंचेगीं।

विभिन्न स्वरूपों में सजीं देवी मां की झांकियां श्रद्धालुओं को कर रहीं हैं आकर्षित

शहर में नवरात्रि के पर्व पर झांकियों को देखने उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में नवरात्रि के पर्व पर 100 से अधिक स्थानों पर लगीं झांकिया श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र बनीं हैं। इन झांकियों को देखने और निहारने के लिए जनसैलाव सड़कों पर उतर आया है। भीड़ इतनी है कि निकलना मुश्किल हो रहा है, शहर नवरात्रि के मौके पर दुल्हन की तरह सजा है सड़कों के दोनों ओर छोटे-छोटे दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा रखी हैं। झांकियों में आरती के आयोजन देखते ही बनते हैं।

नवरात्रि महापर्व अशोकनगर शहर का धार्मिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक आयोजन है। इस शहर में जितने भी पर्व मनाए जाते हैं उसमें नवरात्रि पर्व की अलग भूमिका है यह पर्व भक्ति का संदेश लेकर आता है। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी इस आयोजन में ऐसे रम जाते हैं जैसे देवी मां ने भक्ति करने के लिए बुलाया हो। घर घर द्वार-द्वार रंगोली सजाई गईं हैं। शहर के हर गली और मोहल्ले से लेकर घर-घर पर देवी मां की आराधना के स्वर गूंज रहे हैं पूरा शहर भक्तिमय हो गया है।

झांकी के बाहर श्रद्धालुओं का समूह नजर आता है। गाजे बांजों के साथ शुरूआत होती है पूरा आयोजन स्थल माता की जयकारों से गूंज रहा है। जगह-जगह माता के भक्ति गीत गूंज रहे हैं। हर श्रृद्धालु अपने अपने ढंग से माता की आराधना कर रहा है। व्रत और उपवास के दौर चल रहे हैं, ऐसे कई











परिवार की महिलाएं भी नवरात्रि का पर्व आने से खुश हैं क्योंकि उनके परिवार के कई सदस्य नशा छोड़ देते हैं जिससे परिवार में सुख शांति रहती है। इन झांकियां में एक शक्ति भजन मंडल की झांकी भी है जो अशोकनगर शहर की सबसे पहली झांकी है जहां से इस आयोजन की शुरुआत हुई थी और इस आयोजन ने एक बड़ा रूप धारण कर लिया। अब शहर में सबसे अधिक झांकियां लगती है, 50 साल के लगभग का इतिहास झांकियां से जुड़ गया है। पहले कभी गणेश उत्सव पर झांकी लगती थी। आज नवरात्रि पर झांकियां लग रही हैं। इसके अलावा तुलसी कॉलोनी, इन्द्रापार्क, पटेल पार्क, पछाड़ी खेडा, गांधी पार्क, रेल फाटक के पास की झांकी, नहर कॉलोनी चंदेरी रोड आदि झांकियां शहर में अलग अलग प्रकार से संजी हैं। पूरे शहर में आकर्षक विधुत की सजावट है, अष्टमी के दिन भी अनेक परिवारों ने अष्टमी की पूजा की झांकी स्थलों पर नवमी के पर्व के बाद हवन और भण्डारे के आयोजन होगें।

दुर्गा अष्टमी पर 8 कन्याओं का पूजन किया गया



अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रि के अष्टम दिवस पर आठ कन्याओं का पांचोंपचार से पूजन किया गया। उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया एवं उनको भेंट स्वरूप में चुनरिया प्रदान की, आचार्य गुरु ब्राह्मण को शाल श्रीफल देकर आशीर्वाद लिया। मार्कंडेय पुराण के अनुसार दुर्गा सप्तशती के अष्टम पाठ पर देवी सूक्त का पाठ करते हुए पुजारी किशन लाल मिश्रा नेसिद्ध कुंज का स्त्रोत से हवन किया। उन्होंने बताया कि यह कुंज का स्त्रोत अति गोपनीय है नास्तिक व्यक्ति को नहीं बताना चाहिए इस पाठ को श्रद्धा बान साधक ही कर सकते हैं श्रद्धालुओं ने सभी कन्याओं एवं सभी भक्तों को खीर का प्रसाद वितरण किया एवं फलों का वितरण प्रतिदिन की भांति दोनों समय आज भी किया गया। उसके बाद महा आरती की गई, दोपहर में श्री सूक्त द्वारा हवन किया गया।